Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

अपनाओं वही जो है सही...
Helpful Ayurvedic Medicine for
Joint Pain, Swelling and Stiffness

NO.1 BRAND

'डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑइंटमेंट' 9 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों के योग से निर्मित है, यह मांसपेशियों के दर्द, जकड़न, खिंचाव एवं दर्द से सूजे जोड़ों पर तुरंत असर दिखाता है एवं आराम पहुंचाने में सहायक है।

MRP ₹99/-
Net Wt. 30g

24/7 Helpline: 78769 77777



28 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी दुकानों का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

पेटरवार, प्रतिनिधि। पेटरवार बाजार टांड स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स के दुकानदार वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, लेकिन आज तक दुकानदारों को कृषि बाजार उत्पादन समिति फुसरो, बेरमो की ओर से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके चलते दुकानदारों में समिति के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है।

जर्जर हो चुकी है दुकानें: पेटरवार बाजार टांड में कृषि बाजार उत्पादन समिति फुसरो, बेरमो की ओर बेरोजगारी की समस्या हल करने को लेकर वर्ष 1998 में 100 दुकानों का निर्माण कराया गया था। दुकान का निर्माण कराए 28 वर्ष वित्त गए। बीते 28 वर्षों के दौरान दुकानदारों को आवंटित दुकानों की मरम्मती नही कराई गई, जिसके कारण दुकानों की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। दुकानों की जर्जरावस्था का आलम यह है कि बरसात के दिनों में दुकानों की छतों से पानी टपकते रहता है। पानी के टपकने से दुकानदारों का सामान बर्बाद हो जाता है। बारिश होने पर दुकान परिसर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार पानी दुकानों के अंदर तक प्रवेश कर जाता है, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।


मार्केट कॉम्प्लेक्स की जर्जर दुकानें ।

- मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं मार्केट कॉम्प्लेक्स के दुकानदार
- जलजमाव के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को होती है परेशानी

नहीं बना रास्ता: दुकान निर्माण के 28 वर्ष बीतने के बावजूद कॉम्प्लेक्स में आज तक आने-जाने का रास्ता नही बनाया गया, जिसके कारण बरसात के दिनों में दुकान के बाहर जल जमाव होने के कारण ग्राहकों को एक दुकान से दूसरे दुकान में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मार्केट कॉम्प्लेक्स में एक सौ दुकानदारों और ग्राहकों के लिए एक भी शौचालय का निर्माण समिति की ओर से नही कराया जा सका है, जिसके चलते दुकानदारों और ग्राहकों को मलमूत्र त्याग करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन शौचालय निर्माण कराने की दिशा में अब तक समिति की ओर से कोई सकारात्मक पहल नही की गई है, मजबूरन दुकानदारों को यत्र तत्र मलमूत्र का त्याग करने को विवश होना पड़ता है। एक सौ दुकानों का मार्केट कॉम्प्लेक्स में पेयजल की कोई सुविधा समिति की ओर से उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण यहां के दुकानदारों और आम लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मार्केट कॉम्प्लेक्स बने 28 साल गुजर गए, लेकिन समिति की ओर से अब तक एक अदद चापाकल तक नही लगाया गया है,जिसके कारण दुकानदारों में काफी आक्रोश व्याप्त है।


श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

बोकारो, प्रतिनिधि। श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में शनिवार को दिवाली व छठ पर्व के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्री-नर्सरी, नर्सरी, प्रिपरेटरी व कक्षा एक के करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व श्लोक पाठ के साथ हुआ। बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

- जल संरक्षण, बेटी बचाओ और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- अभिभावकों ने भी समूह प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया

प्रतियोगिता में बच्चे महादेव, राम, सीता, हनुमान, बाहुबली, डोरेमोन, स्पाइडरमैन व विभिन्न पौराणिक और काल्पनिक किरदारों के रूप में नजर आए। वहीं कक्षा एक के बच्चों ने जल संरक्षण, बेटी बचाओ, पृथ्वी बचाओ, पेड़ बचाओ व प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण जैसे विषयों पर संदेश दिए। अभिभावकों ने भी समूह प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्री-नर्सरी में सात्विक त्रिवेदी प्रथम, नर्सरी में शगुन सिंह प्रथम, प्रिपरेटरी में आरवी प्रिया प्रथम व कक्षा एक में स्वाभिमान पाणिग्रही ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या पी शैलजा जयकुमार ने बच्चों व अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता व आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

परिजनों ने चिकित्सक व कंपाउंडर पर लगाया आरोप, क्लीनिक के बाहर किया हंगामा

भाप देने के दौरान छह माह के बच्चे की मौत, लापरवाही का लगा आरोप

बोकारो, प्रतिनिधि। को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित एक निजी क्लीनिक में शनिवार को इलाज के दौरान छह माह के बच्चे की मौत हो गई।

- मौत के बाद भी दूसरे अस्पतालों में भेजने का परिजनों ने लगाया आरोप
- सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया

परिजनों ने चिकित्सक और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्लीनिक के सामने जमकर हंगामा किया। घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है। सूचना पर पहुंचे सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया। चंदनकियारी निवासी विकास दास अपने बीमार छह माह के बच्चे को इलाज के लिए निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे थे।

परिजनों के अनुसार, चिकित्सक डॉ. ज्ञानेंद्र ने बच्चे को निमोनिया से ग्रसित बताते हुए पांच दिनों तक गर्म भाप देने की सलाह दी थी। शनिवार को भाप देने के दौरान कंपाउंडर की लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई।

आरोप है कि भाप देने के बाद कंपाउंडर पर्ची काटने लगा, इसी दौरान बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद भी बच्चे की गंभीर स्थिति बताकर परिजनों को सदर अस्पताल, बीजीएच और निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी जाती रही। परिजन बच्चे को को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित दूसरे निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां चिकित्सक ने ऑक्सीजन की जरूरत बताते हुए सदर अस्पताल ले जाने को कहा। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत के बाद भी उन्हें अस्पतालों के चक्कर लगवाए गए।


क्लीनिक के बाहर परिजनों को समझाते डीएसपी राजीव रंजन व अन्य।

चिकित्सक ने आरोपों को किया खारिज

डॉ. ज्ञानेंद्र ने कहा कि बच्चे को पहले से निमोनिया था और इस बार उसकी स्थिति अधिक गंभीर थी। उसे ऑक्सीजन की जरूरत थी। अस्पताल में भर्ती कराने के लिए लिखित सलाह भी दी गई थी। इलाज में लापरवाही का आरोप निराधार है। सदर अस्पताल से लौटने के बाद परिजनों ने क्लीनिक के सामने विरोध जताया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंचे सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने परिजनों को समझाया। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लंबित एसी-डीसी बिल का पूरा हिसाब दें : उपायुक्त

बोकारो, प्रतिनिधि। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने लंबित एसी-डीसी बिल की स्थिति एवं उनके समायोजन को लेकर संबंधित विभागों के निकासी एवं व्यय पदाधिकारियों (डीडीओ) के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर पूर्णिमा कुमारी, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने लंबित एसी-डीसी बिल के समायोजन में हो रही देरी एवं बार-बार समीक्षा के बावजूद आंकड़ों में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी राशि की निकासी व व्यय का पूरा हिसाब होना चाहिए। कितनी राशि की निकासी हुई, किस कार्य के लिए हुई, कितनी राशि खर्च हुई और कितनी शेष बची, इसका स्पष्ट एवं प्रमाणिक अभिलेख उपलब्ध कराना संबंधित पदाधिकारी की जिम्मेदारी है।

सोहराय पर्व पर झूमे ग्रामीण

चंदनकियारी। फसल पकने और धान की कटाई के बाद किसानों का पारंपरिक पर्व सोहराय चास और चंदनकियारी के ग्रामीण इलाकों में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। छह दिनों तक चलने वाले इस कृषि आधारित पर्व में आदिवासी और मूलवासी समुदाय के लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शामिल हो रहे हैं। ग्रामीण मांदर की थाप पर झूम कर खुशी मना रहे हैं।

टीएनए राउंड-4 परीक्षा के लिए शिक्षकों का पंजीकरण शुरू

बोकारो, प्रतिनिधि। जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए टीचर नीड एसेसमेंट (टीएनए) राउंड-4 परीक्षा के सफल व पारदर्शी संचालन को लेकर पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 नवंबर निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने बताया कि परीक्षा केंद्रों की घोषणा 23 नवंबर को होगी, जबकि परीक्षा 25 से 27 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार टीएनए परीक्षा में कई बदलाव किए गए हैं। माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषयों के लिए अलग-अलग प्रश्नपत्र होंगे। इससे प्रश्नपत्रों की संख्या 24 से बढ़कर 26 हो जाएगी। शिक्षकों को उनके ग्रेड, विषय और परीक्षा तिथि एवं सत्र के अनुसार प्रश्नपत्र आवंटित किए जाएंगे। पंजीकरण के दौरान शिक्षक सेंटा ऐप पर अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल और व्हाट्सऐप नंबर अपडेट कर सकेंगे। हालांकि ग्रेड, विषय, जिला, प्रखंड व यू-डायस संबंधी विवरण में बदलाव स्वयं नहीं कर सकेंगे। इसके लिए संबंधित प्रखंड एमआईएस के माध्यम से ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर सुधार कराना होगा। परीक्षा में कुल 60 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित है। प्रश्नपत्र पांच खंडों में होगा और कुल अंक 120 होंगे।

- 25 से 27 नवंबर तक आयोजित होगी परीक्षा
- 23 नवंबर को परीक्षा केंद्रों की होगी घोषणा
- प्रश्नपत्रों की संख्या 24 से बढ़ाकर 26 की गई

हिसीम की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

कसमार। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर खेल मैदान में शनिवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हिसीम इलेवन की टीम ने मधुकरपुर क्रिकेट क्लब को 20 रनों से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्धारित पांच ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए हिसीम 11 की टीम ने चार विकेट खोकर 71 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी मधुकरपुर क्रिकेट क्लब की टीम सात विकेट गंवाकर 51 रन ही बना सकी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शरीर और मन के बीच समन्वय स्थापित करता है, जिससे प्रतिभा निखरती है। गांव और गलियों से ही बड़े-बड़े खिलाड़ी निकलते हैं। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, पिंटू कुमार, उत्तम राज, प्रवीण प्रजापति, राहुल प्रजापति, पवन प्रजापति, चंदन महतो, कुंदन महतो, विष्णु प्रजापति सहित कई खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://cancerinstitute.edu.in , Email: jdmm.sscih@gmail.com

TENDER NOTICE

1. GEM/2026/B/8187245 dated: 05.11.2026 for the item-**Micro Bipolar Cautery Forceps, 2. GEM/2026/B/8167042 dated: 05.11.2026** for the item-**Neuro Bio Feed Back, 3. GEM/2026/B/8218778 dated: 05.11.2026** for the item-**Surgical Workstation (PAC item), 4. GEM/2026/B/8218712 dated: 05.11.2026** for the item- **High End EV Workstation (PAC item).**

Offers are invited from Original Equipment manufacturers/Direct Importers/Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation of aforementioned Equipment/items. **Bidders should submit their Representation only on GeM Portal regarding Equipment/ items** within time frame provided by GeM.

For more detailed information you may please visit the GeM Portal **www.gem.gov.in** or our website **https://cancerinstitute.edu.in**, for reference only. The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.

Advt No:- KSSSCI/Tender-22/2026-27 DIRECTOR

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
(भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का एक संयुक्त उद्यम)
(पुणे मेट्रो रेल परियोजना - फेज ।।) (पीएमआरपी)
मेट्रो भवन, जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन के ऊपर, न्यायमूर्ति रानाडे पथ, शिवाजीनगर, पुणे - 411005, महाराष्ट्र, भारत.
ई-मेल आईडी: tenders.pmrp@mahametro.org
वेबसाइट: www.punemetrorail.org
दूरभाष: 020-25403355/020-25403356
ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या : P2-TR-05/2026 (ICB) दिनांक : 05-नवम्बर-2026

कार्य का नाम : पुणे मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-। और ।। में चांदनी चौक, कात्रज और विट्ठलवाड़ी विस्तारीत के लिए २५ केव्ही (kV) फ्लेक्सिबल और रिजिड ओवरहेड कैटेनरी सिस्टम (ओसीएस/ओएचई) तथा सेक्शनिंग पोस्ट की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।

निविदा 06/11/2026 रोज 16:00 बजे से 21/12/2026 रोज 16:00 बजे तक उपलब्ध है।

इस टेंडर नोटिस को देखने के लिए, इच्छुक एजेंसियां पीएमआरपी की वेबसाइट https://punemetrorail.org या सीपीपी पोर्टल https://eprocure.gov.in पर भी जा सकती हैं। निविदा दस्तऐवज डाउनलोड करने हेतु महाराष्ट्र सरकार के ई-टेंडर पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर जाएँ और जानकारी प्राप्त करें।

अतिरिक्त महाप्रबंधक, खरीद एवं अनुबंध
महा-मेट्रो, पीएमआरपी.
महा मेट्रो, हरित मेट्रो

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल, रूद्रप्रयाग

पत्रांकः- 2102/ सिं०का०म०रू०/ ई-निविदा/ दिनांक :- 06.11.2026

ई-निविदा सूचना संख्या-16/अधी0अभि0/ 2026-27 दिनांक 06.11.2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, रूद्रप्रयाग द्वारा निम्न कार्य निर्माण हेतु टू-बिड सिस्टम के अन्तर्गत ई-टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

1- Construction of Storm Water Drainage of Rudraprayag Town, Distt. Rudraprayag (Phase-1)

निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ एवं निविदा-बिड प्रपत्र उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर दिनांक 09.11.2026 से ऑनलाइन उपलब्ध होगें।

(विकास श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता

URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD MADHUPUR
(E-Mail ID- nagarparshadmadhupur@gmail.com)

E-Tender Reference no. - UDD/MMC/16/2026-27, Dated : 06/11/2026

1.	Name of Work	Construction of 06 Nos of Urinal at Different location under Madhupur Nagar Parishad.
2.	Earnest Money	3,850(Three Thousand Eight Hundred and Fifty only) shall be paid through online payment gateway of https:// jharkhandtenders.gov.in in favour of Nagar Parishad Madhupur, Jharkhand, Payable at Madhupur.
3.	Tender Cost	1,000 (One Thousand only) shall be paid through online payment gateway of https:// jharkhandtenders.gov.in in favour of Nagar Parishad Madhupur,Jharkhand, Payable at Madhupur
4.	Project Cost	1,92,000.00 (One Lakh Ninety Two Thousand only)
5.	Contract Period	1 Month
6.	Location	Nagar Parishad Madhupur (Deoghar).
7.	Date of Publication of Bid on Newspaper	07.11.2026
8.	Date of Publication of Bid on Website	10.11.2026 by 06:00 PM
9.	Class of Contractor eligibility	Class IV
10.	Last Date of Submission of Technical & Financial Bid Online	30.11.2026 by 06:00 PM
11.	Opening of Technical Bid	02.12.2026 by 05:00 PM
12.	Publication of Technically Qualified Bidder's	Shall be Communicated Letter
13.	Opening of Financial Bid	Shall be Communicated Letter
14.	Name & Address of Office inviting Tender	Executive Officer, Nagar Parishad, Madhupur (Deoghar)
15.	Helpline Number	7766005946

For further details can be seen on jharkhandtenders.gov.in
Note :-
(i) Only e-tenders will be accepted. Further Details can be seen on website https:// jharkhandtenders.gov.in
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT.
(iii) Estimated Cost/Quantity May Vary.

Executive Officer, Nagar Parishad, Madhupur.

PR 393519 Deoghar(26-27).D

भारतीय स्टेट बैंक
ए०एम०सी०सी० बोकारो (62852)

वाहन की बिक्री के लिए ई-नीलामी (दिनांक- (02.12.2026) हेतु सार्वजनिक सूचना

भारतीय स्टेट बैंक ने हमारी शाखा के ऋण खाते में बंधक समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया, जिसमें बैंक की देनदारियों की वसूली के लिए **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" तथा "वहां जो कुछ भी है"** के आधार पर उन्हें बेचने का अधिकार था।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम	निर्माता	मॉडल	पंजीकरण की तिथि	पंजीकरण सं.	आरक्षित मूल्य (रु.)	संपत्ति आईडी
1.	शुभम कुमार	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P)-3WT	23.07.2024	JH09BG8594	रु.54000/-	SBIN43101583534
2.	राजु सिंह	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P) Y4A	28.02.2024	JH09BF3458	रु.27000/-	SBIN42687188942
3.	श्रीकांत चौधरी	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw(P)Cargo Pace	16.06.2024	JH09BG3895	रु.49500/-	SBIN42790264120
4.	दिपु कुमार	टेरा मोटर्स इंडिया प्रा.लि.	E-Rickshaw (P)-Y4A	29.02.2024	JH09BF8004	रु.54000/-	SBIN42699625968

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें:-
1. ई-नीलामी की तिथि: **02.12.2026 (बुधवार),** समयः प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट के विस्तार के साथ।
2. ई-नीलामी पोर्टल/वेबसाइटः https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें आवश्यक केवाईसी दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे।
   एक बार केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन हो जाने पर (इसमें 2 कार्यदिवस लग सकते हैं), बोलीदाताओं को समय पर ईएमडी राशि को एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करना होगा।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई अग्रिम राशि समायोजित करने के बाद, बिक्री मूल्य का 10% तुरंत, अर्थात उसी दिन या अगले कार्यदिवस से पहले जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 90% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली/नीलामी प्रक्रिया को रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. संपत्ति से संबंधित पूछताछ/सत्यापन के लिए मोबाइल नंबरः 8779383236, 8210418035, 7667985272 संपर्क का समयः सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पहले कार्यालय समय के दौरान (1) ग्राम- रानी पोखर, सेक्टर-9, नियर हरि मंदिर, बोकारो, (2) बियाडा जगदम्बा मंदिर के पीछे, बोकारो, (3) प्रभात कॉलोनी, चास, बोकारो में व्यक्तिगत रूप से संपत्ति का सत्यापन करें।
7. जीएसटी लागू।
8. वाहन के पंजीकरण लागत/बकाया राशि का व्यय बैंक से बिक्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद सफल बोलीदाताओं द्वारा वहन किया जाएगा।
9. आरक्षित मूल्य जीएसटी को छोड़कर।

दिनांकः 08.11.2026
स्थानः बोकारो

हस्ता०/- (प्राधिकृत अधिकारी)
भारतीय स्टेट बैंक, ए०एम०सी०सी० बोकारो

SBI भारतीय स्टेट बैंक
तनावग्रस्त आस्तियाँ वसूली शाखा (SARB) (10201)
चतुर्थ तल, राँची शाखा भवन, कोर्ट कम्पाउण्ड, रांची - 834001

चल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता को सामान्य रूप से तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक है, का **भौतिक कब्जा** (Physical Possession) प्रतिभूत लेनदार **भारतीय स्टेट बैंक,** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है", "जैसा है वैसा है", "जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु निम्नवर्णित ऋणियों से वसूली हेतु प्रतिभूति लेनदार **भारतीय स्टेट बैंक** द्वारा निचे वर्णित चल संपत्ति को दिनांक **15.12.2026 (मंगलवार)** को ई-नीलामी द्वारा बेचा जायेगा।

क्रमांक	उधारकर्ता का नाम	बकाया राशि एवं संपत्ति ID	चल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण	A) आरक्षित राशि B) ईएमडी C) बोली वृद्धि राशि
01	**श्रीमती बिंदु करुणाकरण नायर, ऋणी, स्वर्गीय वेणु गोपाल एम. पी.** की विधिक उत्तराधिकारी/प्रतिनिधि।	रु. 31,69,413.00 SBIN42372888352	निर्माता : **Hyundai Motor India Ltd.,** वर्ग : **Hatch Back,** मॉडल : **Grand i10 NIOS 1.2 MT KAPPA Sportz,** निर्माण वर्ष : **10/2023,** पंजीकरण संख्या : **JH-10-CT-9236,** चेसिस संख्या : **MALB351CLPM490433,** इंजन संख्या : **G4LAPM715392**	A) रु. 4,05,000/- B) रु. 40,500/- C) रु. 2,000/-
02	**श्रीमती चंदेश्वरी देवी, सुश्री सपना कुमारी, श्री राजा चौहान एवं श्री अमन कुमार, ऋणी, स्वर्गीय जोगेन्द्र चौहान** के विधिक उत्तराधिकारी/प्रतिनिधिगण।	रु. 7,57,984.00 SBIN40530661334	निर्माता : **Maruti Suzuki India Ltd.,** वर्ग : **Motor Car,** मॉडल : **Maruti Brezza ZXI+ Car,** निर्माण वर्ष : **10/2021,** पंजीकरण संख्या : **JH-10-CG-9766,** चेसिस संख्या : **MA3NYFJ1SMK842199,** इंजन संख्या : **K15BN4191286**	A) रु. 4,50,000/- B) रु. 45,000/- C) रु. 2,000/-

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें
1. ई-नीलामी की तिथि और समय : **15.12.2026 (मंगलवार), पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक** प्रत्येक 10 मिनट का असीमित विस्तार के साथ।
2. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट/पोर्टल : **https://baanknet.com.**
3. ई-नीलामी की बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें बैंक की वेबसाइट : **https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others** पर उपलब्ध है।
4. सम्पत्ति के संबंध में जानकारी हेतु मो० नं० - **9674710354/ 6200961186**
5. प्राधिकृत अधिकारी के ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार संपत्ति/संपत्तियों पर कोई अधिभार नहीं है। यद्यपि, इच्छुक बोलीकर्ताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति का अधिभार, नीलामी में प्रस्तुत संपत्ति/संपत्तियों के टाईटल एवं दावों/अधिकारों/देयताओं संपत्ति को प्रभावित करने वाले अन्य जानकारी आवश्य ले लेनी चाहिए। ई-नीलामी का विज्ञापन, बैंक का कोई भी प्रतिनिधित्व या प्रतिबद्धता निर्मित नहीं करता है न ही निर्मित करता प्रतीत होगा। संपत्ति को सभी मौजूदा एवं भविष्य के अधिभार के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वह बैंक को ज्ञात हो या न हो। प्राधिकृत अधिकारी/ सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/ अधिकारों/ देयताओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यह बिक्री वित्तीय नियमों के प्रतिभूतिकरण और पुर्णगठन और प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 (SARFAESI Act 2002) के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।
6. वाहनों का आरक्षित मूल्य लागू सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार देय GST को छोड़कर है।

सभी उधारकर्त्ता/जमानतदारों को इस प्रकाशन के माध्यम से 30 दिनों की सूचना भी प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 6(2) के अंतर्गत दी जा रही है।
नोट : उधारकर्त्ता/जमानतदारों को 30 दिनों की बिक्री सूचना पहले से ही अंतिम ज्ञात पता पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जा चुकी है। यदि वे सूचना नहीं प्राप्त करते हैं तब इस ई-नीलामी बिक्री सूचना को भी उपयुक्त सूचना मानी जायेगी। ई-निलामी का अन्य नियम एवं शर्तें निम्नलिखित बैंक वेबसाईट पर उपलब्ध है।

दिनांक : 03.11.2026
स्थान : राँची

ह0/- प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब, राँची

सम्पत्ति खोजें
बैंक वेबसाइट | ई-नीलामी वेबसाइट | स्थान SBIN42372888352 | फोटो SBIN42372888352 | स्थान SBIN40530661334 | फोटो SBIN40530661334

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।